Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to take action against media persons showing fake information on social media.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आज एक बहुत गम्भीर विषय आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं, मुझे आपके संरक्षण की आवश्यकता है। 6 तारीख को सदन में जब एस.सी.,एस.टी. बिल पास हो रहा था तो मैं यहां सदन में उपस्थित था।…(व्यवधान) ठीक साढ़े आठ बजे रात्रि जब मैं सदन से बाहर निकलकर गया तो मेरी जानकारी में आया कि कुछ चैनलों में मेरे खिलाफ यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि हमीरपुर के दबंग सांसद कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल महोबा में पत्रकारों पर फायरिंग कर रहे हैं। …(व्यवधान)

मैं अपनी बात केवल एक प्रश्न से शुरू करना चाहता हूं। क्या ईमानदारी से काम करना पाप है? …(व्यवधान) कुछ तथाकथित मीडियाकर्मी, जो आजकल सोशल मीडिया में खास तौर से जो यू ट्यूब चैनल है, उस पर ये लोग जिस प्रकार का काम कर रहे हैं, वह निंदनीय है। आजादी की लड़ाई में मीडिया का बहुत योगदान था, आज भी मीडिया बहुत अच्छा है, लेकिन मीडिया के कुछ ऐसे लोग, जिन्हें अध्यक्ष महोदया आप संसद में भी एंट्री नहीं देती हैं, ऐसे सैकड़ों-हजारों लोगों ने यू ट्यूब चैनल बना लिए हैं और वे ऐसे चैनल बनाकर लोगों की छवि धूमिल करने का काम करते हैं। …(व्यवधान)

महोदया, जब मैं सदन में मौजूद था, ठीक उसी समय मेरे संसदीय क्षेत्र में मुझ पर फायरिंग करने का असत्य आरोप लगाया गया है। मैं आपको इसका कारण बताना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में खनन का कारोबार बहुत ज्यादा होता है। प्रदेश में जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है, वहां कभी भी अवैध खनन नहीं हुआ, हमेशा बंद रहा।…(व्यवधान) जब माननीय कल्याण सिंह जी मुख्य मंत्री थे, माननीय राजनाथ सिंह जी मुख्य मंत्री थे और आज योगी आदित्यनाथ जी मुख्य मंत्री हैं। इसी वजह से जितने अवैध काम करने वाले लोग हैं, वे प्रदेश की सीमाओं के बाहर भाग गए हैं।…(व्यवधान) लेकिन कुछ लोग बाहर से आकर संरक्षण चाहते हैं। मैं वहां का जनप्रतिनिधि हूं। …(व्यवधान) सब काम ईमानदारी से करता हूं। वे लोग मेरे पार्टी कार्यकर्ताओं के पास आए थे, जब मैं बिका नहीं, डरा नहीं और झुका नहीं तो मेरे खिलाफ टी.वी. चैनल पर दुष्प्रचार करके ईमानदार जनप्रतिनिधि की मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। मेरे परिवार पर भी कई बार हमले हुए, मेरे ऊपर जानलेवा हमला हुआ। मेरे माताजी-पिताजी का ट्रक से एक्सिडेंट किया गया।…(व्यवधान) अनेकों बार ऐसे काम किए गए, लेकिन मैं कभी इन बातों को आपके संज्ञान में नहीं लाया और न कुछ किया। मैं जनप्रतिनिधि हूं, ईमानदारी से काम करता हूं। मेरे साथ पूरे क्षेत्र की जनता का समर्थन है। …(व्यवधान)

महोदया, मैं एक मांग के साथ अपनी बात समाप्त करूंगा। हम सब लोगों को यहां दो भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं – एक हम यहां लॉ मेकर (कानून निर्माता) की भूमिका में बैठते हैं और दूसरा क्षेत्र में जनता की सेवा करने का काम करते है।…(व्यवधान) हम जब पीड़ित, गरीब की सेवा करते हैं तो किसी न किसी का नुकसान होता होगा, क्योंकि हम ईमानदारी से काम करते हैं। किसी भी दबाव में काम नहीं करते। मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसा सोशल मीडिया जो असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत आरोप लगाकर एक शुचिता की राजनीति करने वाले मेरे जैसे जनप्रतिनिधि की छवि खराब करे और हमारी सेवा, सत्यनिष्ठा,

ईमानदारी एवं समर्पण को धूमिल करने का असफल प्रयास करे । ऐसे जो यू ट्यूब चैनल है, जिन्होंने मेरे खिलाफ झूठे, निराधार आरोप लगाए हैं, उन पर प्रतिबंध लगाया जाए और ऐसे चैनलों के खिलाफ जो हमेशा ऐसे काम करते हैं, एक कानून लाकर उन पर रोक लगाई जाए। जिससे सत्यनिष्ठा व ईमानदारी की राह पर चलने वाले जनप्रतिनिधियों को देश के लिए अपना योगदान देने में कोई बाधा न उत्पन्न हो । धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: डा. कुलमणि सामल, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री भैरों प्रसाद मिश्र तथा श्री शरद त्रिपाठी को कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।